Greenlawns School, Worli

द्वितीय सत्रीय पुनरावलोकन (२०२३-२४)

हिंदी

कक्षा :- सातवीं पूर्णांक:- ८०

दिनांक :- ०८.०२.२०२४ समय:- २ घंटे

सूचना:- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

शुद्ध भाषा व सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्र.१) निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- (१०)

१. मेरी प्रिय अध्यापिका / अध्यापक

२. जीवन में खेलों का महत्त्व

३. मोबाइल के लाभ व हानि

प्र.२) निम्नलिखित विषय के आधार पर पत्र लिखिए। (७)

पेड़ों का महत्त्व समझते हुए और पेड़ लगाने की सलाह देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्र.३) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

मदर टेरेसा जिन्हें रोमन कैथलिक चर्च द्वारा 'कोलकाता की संत टेरेसा' के नाम से नवाजा गया है। मदर टेरेसा का जन्म अग्नेसे गोकंशे बोजशियु के नाम से एक अल्बेनीयाई परिवार में उरकुब, उस्मान साम्राज्य (वर्तमान सोप्जे, मेसेडोनिया गणराज्य) में २६ अगस्त, १९१० में हुआ था। मदर टेरेसा रोमन कैथोलिक नन थीं, जिन्होंने १९४८ में स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता ले ली। उन्होंने १९५० में कोलकाता में 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' की स्थापना की। ४५ सालों तक इन्होंने गरीब, बीमार, अनाथ, कुष्ठ और तपेदिक के रोगियों की सेवा की।

सन् १९७९ में उन्हें ‘ नोबल शांति पुरस्कार' और १९८० में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारतरत्न' प्रदान किया गया। मदर टेरेसा के जीवनकाल में 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' का कार्य लगातार बढ़ता रहा। ५ सितंबर १९९७ के दिन मदर टेरेसा का दिल के दौरे के कारण निधन हो गया। उनकी मृत्यु के बाद पोप जॉन पॉल द्वितीय ने उन्हें 'कोलकाता की धन्य' की उपाधि प्रदान की। वेटिकन शहर में वर्ष २०१६ में पोप फ्रांसिस ने मदर टेरेसा को 'संत' की उपाधि से सम्मानित किया।

P.T.O

प्रश्न :

१. मदर टेरेसा का जन्म कब और कहाँ पर हुआ था ? (२)

२. उनका वास्तविक नाम क्या था ? उन्हें किस नाम से नवाज़ा गया ? (२)

३. उनके कार्यों का वर्णन कीजिए। (२)

४. उन्हें कब व कौन-से पुरस्कार से सम्मानित किया गया ? (२)

५. उन्हें 'संत' की उपाधि किसने, कब व कहाँ पर दी ? आपने उनसे क्या सीखा ? (२)

प्र.४) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

अ)निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (२)

१. हनुमान

२. स्वर्ग

आ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (२)

१. सगुण

२. महात्मा

इ) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (२)

१. साथ में पढ़नेवाला -

२. अच्छा आचरण करनेवाला -

ई) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (कोई २) (३)

१. पेट पर लात मारना २. प्राणों की बाज़ी लगाना ३. हवा से बातें करना

उ) निम्नलिखित वाक्यों में अव्यय पहचानकर उसके भेद लिखिए:- (२)

१. राजेश तेज़ी से दौड़ता है।

२. वाह! तुमने कितना सुंदर चित्र बनाया है।

ऊ) निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए। l (२)

१. कल रात आप कहाँ घूमने गए थे ?

२. हमें कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए।

साहित्य – विभाग

प्र.५ . अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (९)

१. जल बैंक में खाता कैसे खुलेगा ? 'जल बैंक' इस पाठ से आपने क्या सीखा ?

२. चिंतामणि और रामदयाल ने अपनी कॉलोनी में किस तरह जागरूकता लाने के बारे में सोचा ?

३. खानपान की मिश्रित - विविध संस्कृति को समय-समय पर जाँचने की जरूरत क्यों है?

प्र.५. आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:- (३)

१. ' चिंता ने पैर पसारना शुरू किया।' से क्या तात्पर्य है ?

२. पिछले दस – पंद्रह वर्षों में हमारी किस संस्कृति में बड़ा बदलाव आया है?

३. अंग्रेजों के ज़माने में ब्रेड का सेवन कौन लोग करते थे ?

प्र.५.इ) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:- (४)

१. ' ---------- फ़ूड ' में बर्गर, नूडल्स जैसी कई चीज़ें शामिल हैं।

२. फिर कमरतोड़ --------- ने भी लोगों को कई चीज़ों से धीरे-धीरे वंचित किया है।

३. पहली ख़बर थी- ' पानी की ----------- से लोग बूँद - बूँद के लिए तरस रहे हैं।

४. मौसमी सब्ज़ियों से भरे हुए ---------- अब कहाँ मिलते हैं!

प्र.५. ई) निम्नलिखित वाक्य 'किसने - किससे कहा' लिखिए। (२)

१. " भाई , कहते तो तुम ठीक हो।"

२. "कभी हमारे बारे में भी सोच लिया करो।"

प्र.५. उ) शब्दार्थ लिखिए:- (३)

१. जटिल २. सूद ३. दुर्गति

P.T.O

<u>कविता- विभाग</u>

प्र . ६.अ)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (६)

१. मनुष्य ईश्वर को ढूँढने के लिए कहाँ - कहाँ जाता है और क्या-क्या करता है ?

२. भारत की धरती को पवित्र क्यों कहा गया है ? इस धरती पर फसलों की पैदावार किसके सहयोग से बढ़ेगी ?

प्र ६ . आ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियों को पूर्ण कीजिए :- (४)

बदल ------------

-------------- साकार करें।

प्र.६. इ) शब्दार्थ लिखिए :- (३)

१. अध्याय २. तालास ३. बंदे

<u>बाल – रामायण</u>

प्र. ७.) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१. लक्ष्मण पेड़ पर चढ़कर क्यों देखने लगे ? (२)

२. राम का राज्याभिषेक किसे षड्यंत्र लगा और क्यों ? (२)

३. राम को कैकेयी ने राजा दशरथ के बेसुध होने का क्या कारण बताया ? (२)

---------- समाप्त ------